उत्तर प्रदेश शासन,
उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप अनुभाग-1
संख्या- 119/1212/84-1-13-13-रिट/2013
लखनऊ दिनॉक 12 दिसम्बर, 2013
कार्यालय आदेश

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या'42089/2009 मोहन सिंह बनाम स्टेट आफ यू0पी0 व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनॉक 08-10-2013 को आदेश पारित करते हुए प्रश्नगत रिट याचिका खारिज कर दी गयी है। पारित आदेश का प्रभावी अंश निम्नवत् है:-

" The involvement of the deparmental officials, therefore, in this regard needs a proper inquiry and disciplinary action. Respondent no. 1 is directed to hold an appropriate enquiry against the erring officers and treating it a severe misconduct pass appropriate order in accordance with law, punishig guilty persons. The aforesaid enquiry shal l be concluded within four months from the date of receipt of a copy of this judgement and the action taken report and compliance report/affidavits shall be filed immediately thereafter. Only for this purpose, this case shall be listed in the week commencing 11.2.2014

For all other purposes, in view of discussion made above, since the petitioner is not entitled for any relief, the writ petition is dismissed.

The Registrar General is directed to send a copy of this order forthwith for communication to respondent no.1 and compliance. A copy of this order shall also be made available to learned Standing Counsel for information to concerned respondens and compliance."

2- मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा पारित उक्त आदेशों के अनुपालन में सम्यक् विचारोपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में कारित प्रशासकीय एवं वित्तीय अनियमितताओं की गहन जॉचोपरान्त जॉच आख्या/संस्तुति उपलब्ध कराये जाने हेतु निम्नवत् समिति गठित की जाती है:-

1- श्री सुधाकर अदीब, नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान, उ0प्र0, लखनऊ — अध्यक्ष
2- श्री नेकपाल वर्मा, संयुक्त सचिव, खाद्य एवं रसद, उ0प्र0 शासन। — सदस्य
3- श्री मनमोहन मिश्रा, वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था, जवाहर भवन, लखनऊ। — सदस्य

समिति से यह अपेक्षित है कि प्रश्नगत प्रकरण में विधिवत् जॉचोपरान्त सुस्पष्ट संस्तुति/जॉच आख्या शासन को प्रत्येक दशा में 15 दिवस में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि समयान्तर्गत अग्रतर कार्यवाही सम्भव हो सके।

दीपक त्रिवेदी
प्रमुख सचिव।

संख्या-119/1212(1)/84-1-तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त समिति के सदस्यों के मध्य यथोचित समन्वय स्थापित करते हुए एवं जॉच सम्बन्धी समस्त आवश्यक अभिलेख आदि उपलब्ध कराते हुए अपेक्षित जॉच आख्या/संस्तुति समयान्तर्गत शासन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
2- अधिशासी निदेशक, उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था, जवाहर भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि इसकी प्रति श्री मनमोहन मिश्रा, वित्त नियंत्रक, उ0प्र0 सचिवालय सत्कार सेवा संस्था, जवाहर भवन, लखनऊ को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करेगें।
3- समिति के सदस्यगण।
4- गार्डफाइल।

(हरि कान्त त्रिपाठी)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in